10 अक्टूबर को होगा यूटीयू का 7वां दीक्षांत समारोह

दीक्षांत समारोह

- विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने दी दीक्षान्त समारोह आयोजन की अनुमति
- कार्यपरिषद के अनुमोदन से समारोह की तैयारियाँ पूर्ण
- इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ व एचसी वर्मा प्रो आईआईटी कानपुर बतौर विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल
- विश्वविद्यालय से कुल 8197 छात्र छात्राएं निकलेंगे उत्तीर्ण होकर बेहतर भविष्य की राह पर

अमर हिन्दुस्तान

देहरादून। यूटीयू का 7वां दीक्षांत समारोह 10 अक्टूबर, को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक विश्वविद्यालय मुख्यालय सुद्धोवाला में आयोजित होगा। जिसका विश्वविद्यालय ने अपनी विद्या परिषद एवं कार्य परिषद की बैठकों में अनुमोदन लेकर अब तैयारी पूरी कर ली है।

दीक्षांत समारोह को आयोजित किये जाने का अनुमोदन कुलाधिपति द्वारा दिया गया है।विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो सत्येन्द्र सिंह ने अवगत कराया कि दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन हेतु सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं और विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी समारोह के सफल आयोजन हेतु दिन-रात कार्य कर रहे हैं। स्वयं कुलपति प्रो ओंकार सिंह भी प्रतिदिन दीक्षांत समारोह के कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। अवगत करा दें कि ओंकार सिंह ने जब उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार ग्रहण किया तो गयी प्राथमिकताओं में से दीक्षांत समारोह का आयोजन प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर कराना भी सम्मिलित था जो अब साकार हो रहा है। दीक्षांत समारोह आयोजित होने की खबर से उपाधि एवं पदक से अंलकृत होने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है, वे इस शुभ दिन की बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में उपाधि एवं गोल्ड व सिलवर मैडल प्राप्त करने वाले चयनित छात्र-छात्राओं के अलावा विशिष्ट अतिथि सुबोध उनियाल तकनीकी शिक्षा मंत्री उत्तराखण्ड सरकारय विशिष्ट अतिथि एस सोमनाथ अध्यक्ष, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो व पदमश प्रो एचसी वर्मा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर आईआई टी कानपुर, सचिव तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विश्वविद्यालय की विद्या परिषद, कार्यपरिषद के सदस्य एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तकनीकी व अध्यक्ष/निदेशकों को आमंत्रित किया गया है।

इनको मिलेगी उपाधि

पिछले 2 वर्षों वर्ष 2021-22 से 2022-23 तक के 6,190 स्नातक एवं 1,948 परास्नातक छात्र-छात्राओं, 105 गोल्ड व सिलवर मैडलिस्ट एवं वर्ष 2022 से अगस्त 2023 तक के 59 पीएचडी धारकों को कुलाधिपति/राज्यपाल महोदय द्वारा दीक्षांत समारोह में उपाधि दी जायेगी। इस अवसर पर व्यक्तिगत रूप से 164 चयनित छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति/राज्यपाल द्वारा उपाधियां प्रदान की जायेंगी और गोल्ड व सिलवर मैडलों से छात्र-उचयछात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।